प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को दी मंजूरी : प्रदेश के किसानों ने जताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार।
2. प्रधानमंत्री 30 अप्रैल को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारम्भ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश।
3. राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया 30 मई से होगी शुरू : 4 जून तक आवेदन कर सकेंगे शिक्षक।

और

4. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान तीन जून से होगा शुरू : 5 जून के मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री होंगे शामिल।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी

वैष्णव ने बताया कि सरकार ने विपणन सत्र 2025—26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। बाइट....

*दो हज़ार पच्चीस छब्बीस के खरीफ मार्केटिंग सीजन के लिए आज कैबिनेट में एमएसपी अप्रूव हुआ है। टोटल अमाउंट इसका दो लाख सात हज़ार करोड़ के आस पास का एस्टीमेट किया गया है और जैसा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रतिबद्धता दिखाई है किसान। किसानों को उनकी कॉस्ट के ऊपर पचास पर्सेंट मिनिमम मार्जिन मिले, कम से कम मार्जिन मिले, उसका ध्यान रखा गया है। तो जितने भी क्रॉप्स है, हर एक क्रॉप के लिए कॉस्ट से पचास पर्सेंट अधिक कॉस्ट प्लस फिफ्टी पर्सेंट इस चीज़ का ध्यान रखा गया है।*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025—26 के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत ब्याज छूट को जारी रखने को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले का प्रदेश के किसानों ने स्वागत किया है। सहारनपुर के किसान शक्ति सिंह ने किसानों के हित में लिए गए फैसले पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट....

*आज सरकार ने किसानों के लिए बहुत अच्छा फैसला लिया है और धान का समर्थन मूल्य लगभग सत्तर रुपए का लगभग पड़ा है। मैं सरकार का बहुत धन्यवाद करते है ये फैसला बहुत किसान हित में रहेगा।*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को भी सहमति प्रदान की है।

—————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अप्रैल को कानपुर में करीब 20 हजार 900 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कानपुर पहुंचकर प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ–सुथरा रखने और ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इमरजेंसी प्लान, ट्रैफिक प्लान, और एंटी–ड्रोन सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद हो। साथ ही, इलेक्ट्रिक और फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए एसपीजी, एनएसजी और आईबी के साथ समन्वय बनाया जाए। प्रधानमंत्री कानपुर में जिन परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे उनमें 2120 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्घाटन, गौतमबुद्ध नगर में 220 और 132 केवी सबस्टेशन का उद्घाटन, कानपुर में पनकी थर्मल पावर एक्सटेंशन और घाटमपुर थर्मल पावर परियोजना की इकाइयों के उद्घाटन समेत अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी*

*विश्वविद्यालय ग्राउंड में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राजेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, कानपुर।*

———————

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल कल आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में गौतमबुद्ध कन्वेंशन सेंटर का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री के दौरे को लेकर सांसद जगदम्बिका पाल ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण 23 करोड़ रुपये से किया जायेगा। बाइट....**

*भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के एनटीपीसी आरसी, पीएफसी तीनों पीएसयू ने मिलकर के तेईस करोड़ का गौतम बुद्धा कन्वेंशन सेंटर के नाम पे एक ऑडिटोरियम शिलान्यास करेंगे और ये पहला होगा पूर्वांचल का जो गौतम बुद्ध के नाम से ये गौतम बुद्ध कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इससे जो तमाम बौद्ध देश के लोग हैं जब वो आएंगे तो बौद्ध से जुड़ी हुई उनके सिद्धांतों उनके शिक्षाओं पर उनकी प्रसंगिकता पे यहाँ पे गोष्ठिया कार्यक्रम का लाभ मिलेगा।*

———————

**वार्षिक स्थानान्तरण नीति के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापकों की ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया 30 मई से शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि शिक्षकों को स्थानान्तरण के लिए मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से 04 जून तक आवेदन करने का अवसर मिलेगा।**

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए भारत के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा कर रहे हैं। इसी क्रम में जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगुवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। इस दौरान श्री झा ने कहा है कि भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है। बाइट....

*सारी पार्टी एक साथ खड़ी हैं इस लड़ाई में। देश ने भी लोग मान लिया है इनफ–इज–इनफ हो गया। अब अगर इस तरह का घटना होगा, तो हम केवल नोट एक्सचेंज नहीं करेंगे। इंफोरमेशन शेयर नहीं करेंगे। अग्रेंजी यह एक रिजोल्व लेकर के गए हैं। दुनिया में भी हम लोग जा करये बता रहे हैं।*

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में संसदीय शिष्टमंडल रोम पहुंच गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय

शिष्टमंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की।

——————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाते हुए, सशस्त्र बलों की श्रद्धांजलि स्वरूप आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम सूबेदार जोगिंदर सिंह को स्मरण कर रहे हैं। उन्हें 1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने पर परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट.....

*1962 के भारत चीन युद्ध के दौरान सूबेदार जोगिंदर सिंह ने नेफा के तवांग सेक्टर में एक पलटन का नेतृत्व किया। 20 अक्टूबर को सूबेदार सिंह की पलटन ने मैकमोहन रेखा के पार एक चीनी सैन्य निर्माण देखा जो आने वाले दिनों में होने वाली किसी हमले का संकेत था। 23 अक्टूबर की सुबह चीनियों की तीन टुकड़ियां जिसमें हर टुकड़ी में 200 सैनिक शामिल थे। उन्होंने तोप और मोर्टार से एक बड़ा हमला किया। सूबेदार सिंह की पलटन ने जबरदस्त जवाब देते हुए दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाकर उसे पीछे धकेल दिया। जब दुश्मन की ओर से अंतिम और सबसे शक्तिशाली हमला हुआ। तब सूबेदार सिंह के पास गोला बारूद समाप्त हो गया था और कुछ ही लोग बचे थे तब उन्होंने एक मशीन गन से दुश्मन पर वार कर उसे काफी नुकसान पहुंचाया। उनके असाधारण साहस, नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सूबेदार जोगिंदर सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकेलन अख्तर, आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।*

——————————

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान तीन जून से शुरू हो जाएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के

महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस चार दिवसीय आयोजन का मुख्य कार्यक्रम 5 जून को दोपहर 11 बजे अभिजीत मुहूर्त में शुरू होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। बाइट....

*तीन जून और चार जून को प्राण प्रतिष्ठा का पूजन प्रातः काल साढ़े छह बजे प्रारंभ होगा। बारह घंटे तक चलेगा सायंकाल साढ़े छह बजे तक पाँच जून को यह पूजन प्रातः काल साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आरती के बाद एक बजे पूर्ण हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया अभिजित मुहूर्त में पाँच जून को दिन में ग्यारह बजे के बाद प्रारंभ होगी।*

———————

मुरादाबाद में आज 24वीं वाहिनी पीएसी में पीएसी पश्चिम जोन हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस हॉकी प्रतियोगिता में पश्चिम जोन की कुल 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

———————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में 30 मई तक गरज चमक के साथ बारिश होने और तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

(समाप्त